**Indian Journal of Modern Research and Reviews**

**This Journal is a member of the *'Committee on Publication Ethics'***

**Online ISSN:** 2584-184X

**Review Article**

# An Analytical Study of the Historical Significance and Expansion of India's Relations with Suriname and Jamaica

## भारत का सूरीनाम एवं जमैका के साथ ऐतिहासिक महत्व के संबंध विस्तार का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**AUTHOR(S):** Dr. Ravi Kumar[1*]

**DOI:** https://doi.org/10.5281/zenodo.14616500

**ABSTRACT**

This research paper attempts to examine the expansion of India's political, economic, diplomatic, and cultural relations with two Latin American countries—Suriname and Jamaica—where a significant population of Indian origin resides. People of Indian origin living in Suriname and Jamaica have long maintained cultural and emotional connections with India and continue to seek greater cooperation and engagement with their ancestral homeland. Having settled in these countries for generations, many members of the Indian-origin communities retain a strong cultural connection with Indian traditions, including Hindu religious and cultural practices, which contributes to their desire for warm and enduring relations with India.

Over the years, Suriname and Jamaica have taken several important decisions and initiatives aimed at strengthening their relations with India. These initiatives have contributed to the expansion of bilateral engagement in areas such as political dialogue, economic cooperation, cultural exchange, diplomacy, and people-to-people relations. India has also sought to strengthen its engagement with these countries through diplomatic interactions, economic partnerships, cultural exchanges, and cooperation with the Indian diaspora.

The study seeks to analyse the historical development and contemporary dimensions of India's relations with Suriname and Jamaica. Particular attention is given to the role of the Indian-origin communities in strengthening bilateral ties, as well as to the significance of economic, cultural, diplomatic, and humanitarian cooperation. The research argues that historical connections, shared cultural values, diaspora linkages, and mutual interests have created a strong foundation for expanding India's relations with Suriname and Jamaica.

**KEYWORDS:** Suriname, Jamaica, Humanitarian and Economic Cooperation, Economic and Cultural Relations, Meetings and Dialogues, Agreements and Understandings.

इस शोध पत्र में भारत का लैटिन अमेरिका के दो देशों (जहां भारतीय मूल के लोग बहुतायत संख्या में है) सूरीनाम एवं जमैका के साथ राजनैतिक, आर्थिक, राजनयिक, सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार को देखने का प्रयत्न किया जाएगा । सूरीनाम एवं जमैका में रहनेवाले भारतीय मूल के लोग भारत से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं । एक लंबी अवधि वहाँ रहने के बाद वहाँ की संतति सनातन धर्म (हिन्दुत्व) से जुड़ाव के कारण भारत के साथ गर्माहटपूर्ण संबंध रखने की कामना करते हैं । भारत के साथ सूरीनाम एवं जमैका ने अच्छे संबंध स्थापना के विचार से कई महत्वपूर्ण निर्णय/पहल लिए हैं जिससे संबंध विस्तारित हो रहा है ।

***Article History***

- **ISSN**: 2584-184X
- **Received:** 29 Apr 2024
- **Accepted**: 21 May 2024
- **Published:** 30 May 2024
- **MRR:**2(5) May 2024: 41-45
- **©2024, All Rights Reserved**
- **Peer Review Process:** Yes
- **Plagiarism Checked**: Yes

***Authors Details***

**Dr. Ravi Kumar**
सहायक प्रोफेसर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र, भारत

***Corresponding Author***

**Dr. Ravi Kumar**
सहायक प्रोफेसर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र, भारत

© 2024 डॉ. रवि कुमार. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND) https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

**मुख्य शब्द:** सूरीनाम, जमैका, मानवीय आर्थिक सहयोग, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध, भेंट वार्ता, सहमति

**भारत - सूरीनाम संबंध**

लगभग 150 वर्ष पुराना भारत-सूरीनाम संबंधों में कई नए आयाम पिछले एक दशक के वर्षों में देखने को मिलता है। इस एक दशक में दोनों देशों के बीच के संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने हेतु कई विशेष निर्णय/पहल लिए गए। द्विपक्षीय सहयोग से सूरीनाम में रह रहे एक तिहाई से अधिक भारतीय मूल के लोगों की ऐतिहासिक मांगें पूरी हुईं । भारत से अधिकाधिक जुडने की आकांक्षा को वर्तमान सरकार के राजनयिक क्रिया कलापों से बल मिला । जबकि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध सूरीनाम की आजादी के अगले वर्ष 1976 में ही स्थापित हो गया था । राजनयिक संबंध की महत्ता को देखते हुए भारत ने 1977 में राजदूतावास खोला जबकि सूरीनाम वर्ष 2000 में भारत में राजदूतावास खोलकर विधिवत कार्य करना जारी रखा ।

वर्ष 2018 एवं 2023 को राजनयिक दृष्टिकोण से दोनों देशों के संबंधों को दृढ़ता प्रदान करने के लिए विशेष उल्लेखनीय माना जाता है । वर्ष 2018 में भारत के राष्ट्रपति सूरीनाम गए, इस यात्रा के दौरान आईटी क्षेत्र, राष्ट्रीय लेखागार (Archives), राजनयिक संस्थानों के बीच सहयोग, चुनाव संबंधी सहयोग, राजनयिक व्यक्तियों के आश्रितों के रोजगार क्षेत्रों में सहयोग हेतु पाँच अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए । वर्ष 2023 में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 'सूरीनाम में भारतीयों के आगमन के 150 वीं वर्षगांठ पर' सूरीनाम गईं । इस समय मेडिकल, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए । भारत की राष्ट्रपति को वहाँ के सर्वोच्च सम्मान/पुरस्कार Grand order of the Yellow Star (ग्रांड ऑर्डर ऑफ द येलो स्टार) से सम्मानित किया गया। (presidentofindia.nic.in)

वर्ष 2022 में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (अध्यक्ष, लोक सभा एवं अन्य तीन सांसद) के सूरीनाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य एवं मेडिसिन, सांस्कृतिक संबंध, मापदंडों पर सहयोग, लोक सभा सचिवालय एवं सूरीनाम असेंबली सचिवालय के बीच सहयोग पर अनुबंध हस्ताक्षर करना परस्पर संबंधों के आयामों को गति प्रदान की एवं परस्पर संबंधों में प्रगाढ़ता हेतु भावी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए आधारभूत पहल लिए गए । इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि परस्पर संबंधों में सुगमता प्रदान करने हेतु वर्ष 1992 में संयुक्त समिति (Joint Commission) गठन करने पर सहमति बनी । वर्तमान समय तक सात संयुक्त समिति की बैठकें वर्ष 1994, 1999, 2004, 2008, 2015, 2017 एवं 2020 में सम्पन्न हुई जिससे राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संबंधों को गति मिली । (mea.gov.in)

**भारत की ओर से उच्चस्तरीय भेंट वार्ता /बैठक (सहयोग/सहमति हेतु)**

1988 – भारत के उपराष्ट्रपति
2008 – विदेश राज्य मंत्री (संयुक्त समिति बैठक हेतु)
2012 – महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार
2013 – क्षेत्रीय प्रतिनिधि, आयात निर्यात बैंक ऑफ इंडिया
2017 – विदेश राज्य मंत्री (संयुक्त समिति बैठक हेतु, सूरीनाम के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री से भेंट वार्ता)
2018 – भारत के राष्ट्रपति (साथ में इस्पात राज्य मंत्री एवं अन्य)
2022 – अध्यक्ष, लोक सभा (तीन संसदीय प्रतिनिधिओं के साथ) (mea.gov.in)

**सूरीनाम की ओर से उच्चस्तरीय प्रतिनिधि/प्रतिनिधिमंडल का भारत आगमन**

2003 – सूरीनाम के राष्ट्रपति
2013 – गवर्नर, सेंट्रल बैंक ऑफ सूरीनाम (आरबीआई गवर्नर, फिक्की सदस्य से भेंट वार्ता)
2015 – विदेश मंत्री, शिक्षा मंत्री, कृषि एवं विदश मंत्रालय के विशेषज्ञ प्रतिनिधि, संयुक्त समिति बैठक हेतु
2017 – उपराष्ट्रपति (युवा भारतीय प्रवासी दिवस में भागीदारी, प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सड़क, परिवहन, एवं जहाजरानी मंत्री से भेंट वार्ता), वित्त मंत्री
2018 – प्रथम PIO संसदीय कॉनफेरेंस में भागीदारी हेतु (9 सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का सम्मेलन (कॉन्फ्रेंस) में भागीदारी हेतु भारत आगमन, उपराष्ट्रपति (ISA Founding कॉन्फ्रेंस में भागीदारी हेतु), कृषि मंत्री (ISA Founding कॉन्फ्रेंस में भागीदारी हेतु)
2022- रक्षा मंत्री (Def Expo में भागीदारी), प्राकृतिक संसाधन मंत्री (मंत्रालय के अधिकारियों के साथ) भारत में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सोलर एलायंस में भागीदारी हेतु
2023- राष्ट्रपति, विदेश मंत्री, उपसभापति-नेशनल असेंबली, कृषि, पशुपालन और मत्स्यपालन मंत्रालय (इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट/IYM) में भागीदारी हेतु स्थानिक योजना मंत्री (Spatial Planning Minister), आर्थिक मामले, उद्यमिता और तकनीकी योजना मंत्री (indembassysuriname.gov.in)

**महत्वपूर्ण अनुबंध/सहयोग/सहमति/बैठक**

2003 – कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए अनुबंध,FICCI, भारत एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सूरीनाम के बीच संयुक्त व्यापार कौंसिल गठन हेतु अनुबंध
2012 – राष्ट्रीय अभलेखागार, भारत एवं राष्ट्रीय अभलेखागार, सूरीनाम के बीच सहयोग हेतु अनुबंध

© 2024 डॉ. रवि कुमार. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND) https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

2013 – ब्युरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड् एवं सूरीनाम स्टैन्डर्ड ब्युरो के बीच अनुबंध
2017 – कृषि क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह (Joint Working Group) का कार्य योजना (2017-21) हेतु अनुबंध, राजनयिक, आधिकारिक एवं सेवा पासपोर्ट धारक हेतु वीजा छूट पर अनुबंध, सूरीनाम ब्युरो ऑफ स्टैन्डर्ड एवं इंडियन स्टैन्डर्ड ब्युरो के बीच अनुबंध
2018 - चुनाव प्राधिकरण के बीच सहयोग हेतु अनुबंध, राष्ट्रीय अभिलेखागार समय विस्तार (5 वर्ष) हेतु अनुबंध आईटी एक्सेलेंस केंद्र (अनुबंध), दोनों देशों के राजनयिक व्यक्तियों के आश्रितों के लिए लाभप्रद रोजगार (अनुबंध), राजनयिक संस्थानों के बीच सहयोग हेतु अनुबंध
2022 – स्वास्थ्य एवं मेडिसिन के क्षेत्र में सहयोग हेतु अनुबंध, सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम हेतु अनुबंध, लोक सभा सचिवालय, भारत गणराज्य एवं नेशनल असेंबली, सूरीनाम के सचिवालय के बीच सहयोग
- ब्युरो ऑफ इंडियन स्टैन्डर्ड (BIS) एवं सूरीनाम स्टैन्डर्ड ब्युरो (SSB) के बीच अनुबंध
2023 – कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र हेतु संयुक्त कार्य योजना 2023-24 हेतु अनुबंध, मेडिकल उत्पाद नियमावली (Regulation) क्षेत्र में सहयोग हेतु अनुबंध, Indian Pharmacopeia के पहचान हेतु दोनों देशों के बीच अनुबंध, Indian Pharmacopeia पुस्तक देने हेतु अनुबंध (mea.gov.in, indembassysuriname.gov.in)

-

## भारत की ओर से महत्वपूर्ण मानवीय आर्थिक सहयोग

1992- प्रथम लाइन ऑफ क्रेडिट (LoC) ₹ 50 मिलियन
2003- USD10 मिलियन (आधारभूत औधोगिक संरचना, यथा – स्टील रोलिंग मिल, वाटर पमपिंग स्टेशन, आदि में सहयोग हेतु)
2015 – USD 3,11,567.21 (अस्पताल उन्नयन हेतु), USD1,69,400 (नेशनल रिसोर्स एण्ड इंजीनियरिंग स्टडीज (NATIN) संस्थान के सहयोग हेतु
2017 – USD8.4 मिलियन (ऋण)- कृषि मंत्रालय, सूरीनाम, USD 1,50,000 (बाढ़ राहत हेतु), USD 29,988 विद्यालयी विद्यार्थी सामुदायिक विकास हेतु
2018 – USD 20 मिलियन (ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सुविधा हेतु)
USD 50,000 (बाढ़ राहत हेतु), USD 1,75,602 (सामुदायिक विकास हेतु), USD 1,09,800 (सामुदायिक विकास हेतु), USD 10,000 (विद्यालय हेतु अनुदान)-भारत की प्रथम महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा
2016-2018 – USD 29,500 (वार्षिक अनुदान – हिंदी संवर्धन हेतु)
2019 – USD 27.5 मिलियन (EBS ट्रांसमिशन /संचरण लाइन हेतु)
USD 3.5 मिलियन (चेतक हेलिकाप्टर मरम्मत हेतु)
2023 – USD 25,000 आर्य दिवाकर मंदिर के लिए
USD25,000 विष्णु मंदिर के लिए (mea.gov.in)

## आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों के आयाम

पिछले पंद्रह वर्षों के अंतराल में हम पाते हैं कि दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार उतार-चढ़ाव की स्थिति से गुजरा है। वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में कुल व्यापार क्रमशः 12.07, 14.66 एवं 17.73 USDमिलियन रहा। वर्ष 2011-12 में इसमें गिरावट आई और यह 14.83 USDमिलियन पहुँच गया। 2012-13, 2013-14 में यह क्रमशः 43.74 USDमिलियन, 37.33 USDमिलियन रहा। वर्ष 2014-15 में एक लंबी उछाल देखने को मिलता है जब कुल व्यापार 228.49 USDमिलियन पहुँचा, जिसमें भारतीय निर्यात 210.87 USDमिलियन था। 2015-16 में पुनः गिरावट आई, तत्पश्चात 2016-17, 2017-18, 2018-19 में यह बढ़कर क्रमशः 59.51, 113.14, 113.28 USDमिलियन पहुँचा। (वाणिज्य मंत्रालय, भारत) भारत सूरीनाम को दवाइयाँ, कपड़े, मशाले, मशीनरी, साउन्ड रिकॉर्डर , कॉफी, चाय, लोहा एवं स्टील आदि वस्तुओं को निर्यात करने में सम्मिलित रहा है। भारत सूरीनाम से लकड़ी उत्पाद एवं मशीनरी आयात करता रहा है।
सांस्कृतिक संबंधों को दृढ़ता प्रदान करने हेतु सूरीनाम में वर्ष 1978 में इंडियन कल्चरल सेंटर (ICC) की स्थापना की गई। जो भारतीय नृत्य एवं संगीत, भाषा एवं योग सिखाने का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसे और बल प्रदान करने हेतु वर्ष 2003 में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम (CEP) हेतु अनुबंध पर हस्ताक्षर भी किए गए। समय-समय पर भोजपुरी संगीत एवं नृत्य, पारंपरिक नृत्य एवं संगीत, भक्ति संगीत, भांगड़ा (नृत्य संगीत कार्यक्रम), राजस्थानी लोक नृत्य संगीत, कव्वाली, रामलीला आयोजित किए गए। यह उल्लेखनीय है कि 2019 में सूरीनाम के रामलीला समूह का एक प्रदर्शन कुम्भ मेला में आयोजित हुआ। ITEC कार्यक्रम के अंतर्गत 400 से अधिक व्यक्तियों को भारत में प्रशिक्षण/शिक्षण आदि का लाभ प्राप्त हुआ। Know India कार्यक्रम से भी अधिकाधिक सूरीनाम के नागरिक को लाभ प्राप्त हुआ है।

## भारत-जमैका संबंध

भारत का जमैका के साथ ऐतिहासिक महत्व का संबंध 1845-1917 के बीच स्थापित हुआ जब भारतीयों को बंधुआ मजदूर के रूप में वहाँ ले जाया गया। फलस्वरूप अभी वहाँ लगभग 70,000 भारतीय रहते हैं जो वहाँ की कुल जनसंख्या का लगभग 3 प्रतिशत है। भारत की आजादी के बाद पिछले पचास वर्षों में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध पुनः स्थापित हुआ जब भारत की प्रधानमंत्री 1975 में जमैका एवं वर्ष 1983 में जमैका के प्रधानमंत्री का भारत आगमन हुआ। वर्ष 1999 से भारतीय प्रधानमंत्री के जमैका आगमन के बाद द्विपक्षीय संबंध में निरंतरता में है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध में मजबूती आई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की निरंतरता ने भी संबंध को नई ऊर्जा दी है।
दोनों देशों ने दक्षिण-दक्षिण सहयोग (South-South co-operation) के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन आदि पर साझा सोच रखते हैं। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि जमैका ने भारत की कॉम्प्रीहेनसिव कॉन्वेंसन ऑन इंटरनेशनल टेररिज़्म ड्राफ्ट (Comprehensive Convention on International Terrorism Draft) को समर्थन करने की सहमति दी है। साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों यथा – यू एन, इंटरपोल, अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (International Maritime Organization (IMO), आदि में भी सहयोगात्मक रुख रखा है।

## भारत की ओर से महत्वपूर्ण भेंट वार्ता /भागीदारी

1975, 1999 – भारतीय प्रधानमंत्री
2003, 2007- विदेश राज्य मंत्री
2007, 2013 - प्रवासी भारतीय मामलों के राज्य मंत्री
2015, 2017 - विदेश राज्य मंत्री
2022 – भारतीय राष्ट्रपति

## जमैका की ओर से महत्वपूर्ण भेंट वार्ता /भागीदारी

1983 – प्रधानमंत्री

© 2024 डॉ. रवि कुमार. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND) https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

2001 – विदेश व्यापार मंत्री
- उद्योग, वाणिज्य एवं प्रौधोगिकी मंत्री
2007 – पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री
2014 – उद्योग, निवेश एवं वाणिज्य मंत्री
2017- विदेश मंत्री एवं विदेश व्यापार मंत्री (mea.gov.in, hcikingston.gov.in)

**महत्वपूर्ण सहयोग/अनुबंध/सहमति**

1996 – सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग हेतु सहमति
2010 – CSIR, भारत एवं साइंटिफिक रिसर्च कौंसिल (फ़ूड रिसर्च एण्ड टेक्नॉलजी के क्षेत्र में) जमैका के बीच अनुबंध
2009 – आईटी केंद्र स्थापना पर सहमति (जमैका में)
2012 – ICCR की इंडोलोजी/गांधी अध्ययन चेयर स्थापना पर सहमति (अनुबंध) (2017, 2019 एवं 2021 में नवीकृत)
- नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NSIC), भारत एवं जमैका बिजनेस डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के बीच अनुबंध
2014 – आर्थिक सहयोग हेतु अनुबंध (सबीना पार्क में फ्लड लाइट लगाने हेतु)
2016 – विमानन क्षेत्र में सहयोग हेतु सहमति
2021 – ANI, भारत एवं पब्लिक ब्रोडकास्टिंग कॉर्पोरेशन, जमैका के बीच सामग्री साझा करने हेतु अनुबंध
2022 – सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, भारत एवं विदेशी मामले एवं विदेशी व्यापार मंत्रालय, जमैका के बीच अनुबंध
*ITEC कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण जारी (hcikingston.gov.in, mea.gov.in)

**भारत की ओर से मानवीय सहायता**

2001 – USD75 मिलियन (लाइन ऑफ क्रेडिट) (वाटर पम्प हेतु)
2004 - USD2,00,000 दवाइयाँ एवं मेडिकल सुविधा हेतु (हरीकेन Ivan से राहत के संदर्भ में)
2010 - USD3,00,000 दवाइयाँ एवं मेडिकल सुविधा हेतु (बच्चों के लिए), USD50,000 उष्णकटिबंधीय तूफान Nicole से राहत हेतु
2019 – USD 1,50,000 की दवाइयाँ (mea.gov.in)

**आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध**

भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के निर्यात आयात डेटा बैंक से पता चलता है कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बढ़ता ही जा रहा है। वर्ष 2009-10 में द्विपक्षीय व्यापार 21.51 USD मिलियन रहा, 2014-15 में 39.58 USD मिलियन पहुँचा जो वर्ष 1918-19 में 60.43 USD मिलियन रहा। भारतीय निर्यात बढ़ता ही रहा है। वर्ष 2009-10 में भारतीय निर्यात 20.85 USDमिलियन था जो 2014-15 में 37.80 USDमिलियन रहा और वर्ष 2018-19 में 55.42 USD मिलियन, वर्ष 2019-20 में 64 USDमिलियन पहुँचा। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2021-22 में 82.4 USDमिलियन एवं 2022-23 में 92.74 USDमिलियन रहा। (वाणिज्य मंत्रालय, भारत) भारत जमैका को कपड़े, दवाइयाँ, वाहन पुर्जे, मशीनरी, लोहा, स्टील, सेरेमिक उत्पाद निर्यात करने में सम्मिलित रहा है। भारत वहाँ से धातु उत्पाद (एल्यूमिनियम एवं लेड), कॉफी, इलेक्ट्रिकल मशीनरी आयात किया है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध भी सराहनीय स्तर पर है। भारतीयों की पर्याप्त जनसंख्या होने के कारण हिंदू संगठन; प्रेमा सतसंघ, सनातन धर्म मंदिर, श्री सत्य साईं बाबा संस्था की उपस्थिति किंग्स्टन, मोंटेनगो बे, ओचो रिओस में है। फ्रेंड्स ऑफ इंडियन कम्यूनिटी समय-समय पर संगीत नृत्य के कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। वर्ष 2011 में रवीन्द्रनाथ टैगोर की 150 वीं जन्म वर्षगांठ के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। खेल के क्षेत्र में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। गांधी प्रतिमा उपहार स्वरूप दिया गया तथा भारतीय ग्राम शिल्प मेला भी आयोजित किया गया।

## निष्कर्ष

भारत- सूरीनाम संबंध के दृष्टिकोण में वर्ष 2003 विशेष महत्व का है। इस वर्ष सूरीनाम राष्ट्रपति के भारत आगमन पर भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से भेंट वार्ता हुई। कृषि एवं सांस्कृतिक संबंध क्षेत्र में सहयोग के लिए अनुबंध हस्ताक्षरित हुए। तत्पश्चात अनेकानेक क्षेत्रों में सहयोग हेतु सहमति बनी। आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को दृढ़ता मिली। सूरीनाम एवं जमैका दोनों देशों हेतु भारत की ओर से मानवीय आर्थिक सहयोग विशेष महत्व का रहा है। वर्ष 2014 से भारत में नई सरकार आगमन के पश्चात सूरीनाम एवं जमैका के साथ संबंधों को दृढ़ता मिली है। संबंध के विस्तार हेतु अभी तक भारत एवं जमैका के बीच पाँच बार विदेश कार्यालय सलाह हेतु बैठक क्रमशः 2001, 2005, 2007, 2011, 2017 में आयोजित हो चुकी है। (mea.gov.in) वर्ष 2021 में 'Gen-Next Democracy Network' कार्यक्रम के अंतर्गत संबंध विस्तार की योजना सफलता की ओर अग्रसर है। जमैका ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के पक्ष में सहयोगात्मक रवैया रखा है।

## संदर्भ


1. Ministry of External Affairs. India-Suriname Relations [Internet]. 2017 Nov. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/India_Suriname_nov17.pdf
2. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2016 Dec. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname_DEC2016_newone1.pdf
3. Embassy of India, Paramaribo. India-Suriname Relations [Internet]. Available from: https://www.indembassysuriname.gov.in/pages.php?id=165
4. Wikipedia contributors. India–Suriname relations [Internet]. Wikipedia. Available from: https://en.wikipedia.org/wiki/India%E2%80%93Suriname_relations
5. Lok Sabha Secretariat. Press Release [Internet]. Available from: https://pprloksabha.nic.in/PressReleaseFiles/file1189.pdf
6. Blokker JH. Contested Equality: Social Relations between Indian and Surinamese Hindus in Amsterdam [Internet]. Available from: https://www.researchgate.net/publication/292151310_Contested_Equality_Social_Relations_between_Indian_and_Surinamese_Hindus_in_Amsterdam/link/609a298692851c490fced3b5/download?_tp=eyJjb250ZXh0Ijp7ImZpcnN0UGFnZS


© 2024 डॉ. रवि कुमार. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND) https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

I6InB1YmxpY2F0aW9uIiwicGFnZSI6InB1YmxpY2F0aW9uIn19

7. Press Information Bureau. Specific Documents [Internet]. 2023 Jun. Available from: https://static.pib.gov.in/WriteReadData/specificdocs/documents/2023/jun/doc202366209401.pdf
8. Press Information Bureau. Specific Documents [Internet]. 2023 Jun. Available from: https://static.pib.gov.in/WriteReadData/specificdocs/documents/2023/jun/doc202366209301.pdf
9. Press Information Bureau. Press Release Details [Internet]. Available from: https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1930132
10. Embassy of India, Paramaribo. Press Release on 7th JCM [Internet]. Available from: https://www.indembassysuriname.gov.in/pdf/7th_JCM_Press_Release_India.pdf
11. Wikipedia contributors. Foreign relations of Suriname [Internet]. Wikipedia. Available from: https://en.wikipedia.org/wiki/Foreign_relations_of_Suriname
12. Drishti IAS. Indian Pharmacopoeia Recognition in Suriname [Internet]. Available from: https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/indian-pharmacopoeia-recognition-in-suriname
13. Embassy of India. Official Documents [Internet]. Available from: https://eoi.gov.in/eoisearch/MyPrint.php?11981?001/0013
14. India News Network. President Murmu's Visit to Suriname: A Milestone in Bilateral Relations [Internet]. Available from: https://www.indianewsnetwork.com/20230608/president-murmu-s-visit-to-suriname-a-milestone-in-bilateral-relations
15. President of India. Press Releases [Internet]. Available from: https://presidentofindia.nic.in/press_releases/parliamentary-delegation-suriname-calls-president
16. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2012 Jan. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname-January-2012.pdf
17. Economic Commission for Latin America and the Caribbean. Beijing+25: Suriname Final Report [Internet]. Available from: https://www.cepal.org/sites/default/files/informe_beijing25_suriname_final_0.pdf
18. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2013 Dec. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname_December_2013.pdf
19. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2014 Feb. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname_February_2014.pdf
20. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2015 Jul. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname_2015_07_09.pdf
21. Ministry of External Affairs. Briefs on Suriname [Internet]. 2019. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/briefs_suriname_2019.pdf
22. Ministry of External Affairs. Suriname Relations [Internet]. 2018 Dec. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Suriname_dec_2018.pdf
23. The Indian Express. Great Potential for Bilateral Trade: India-Suriname [Internet]. Available from: https://indianexpress.com/article/india/great-potential-bilateral-trade-india-suriname-president-murmu-9145781/
24. Ministry of External Affairs. Jamaica Relations [Internet]. Available from: https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Jamaica.pdf
25. High Commission of India, Kingston. Official Pages [Internet]. Available from: https://www.hcikingston.gov.in/pages/MTU1
26. Diplomacy Beyond Borders. India-Jamaica Relations: Evaluating the Cultural Dimensions [Internet]. Available from: https://diplomacybeyond.com/india-jamaica-relations-evaluating-the-cultural-dimensions-of-the-ties/
27. Ministry of Foreign Affairs and Foreign Trade, Jamaica. State Visit of the Government of India [Internet]. Available from: https://mfaft.gov.jm/site/the-government-of-the-republic-of-india-and-the-government-of-jamaica-on-the-occasion-of-the-state-visit-to-jamaica/
28. Press Information Bureau. State Visit of President of India [Internet]. 2022 May. Available from: https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1826230
29. Ministry of External Affairs. Press Release on State Visit of President to Jamaica [Internet]. Available from: https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/35289/State_Visit_of_President_of_India_to_Jamaica_and_St_Vincent__Grenadines_May_1521_2022
30. ANI News. Jamaican Foreign Minister Hails India-Jamaica Ties [Internet]. Available from: https://www.aninews.in/news/world/others/jamaican-foreign-minister-hails-india-jamaica-ties-as-coming-together-of-cultures20220518133529/

**Creative Commons (CC) License**

This article is an open-access article distributed under the terms and conditions of the Creative Commons Attribution–Non-Commercial–No Derivatives 4.0 International (CC BY-NC-ND 4.0) license. This license permits sharing and redistribution of the article in any medium or format for non-commercial purposes only, provided that appropriate credit is given to the original author(s) and source. No modifications, adaptations, or derivative works are permitted under this license.

© 2024 डॉ. रवि कुमार. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND) https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/